भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-690**

**उत्तर देने की तारीख-06/02/2023**

**सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत महाराष्ट्र को निधियों का आबंटन**

**†690. श्री राजन बाबूराव विचारे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र राज्य को आबंटित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राज्य की शैक्षिक जागरूकता को ध्यान में रखते हुए निधि आबंटन के दौरान महाराष्ट्र को प्राथमिकता दी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) से (घ): विभाग ने वर्ष 2018-19 से सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) की तत्कालीन केंद्र प्रायोजित योजनाओं को समाहित करके समग्र शिक्षा - स्कूल शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना शुरू की थी। समग्र शिक्षा योजना को अब एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप बनाया गया है और 01.04.2021 से 31.03.2026 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी रखा गया है। समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत वार्षिक योजनाएँ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर तैयार की जाती हैं और यह उनके संबंधित वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) प्रस्तावों में परिलक्षित होता है। इसके बाद योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों और कार्यकलापों के लिए पहले से स्वीकृत राज्य की भौतिक और वित्तीय प्रगति के अनुसार राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा इन योजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन किया जाता है। समग्र शिक्षा के तहत वर्ष 2019-20 से महाराष्ट्र राज्य सरकार को आवंटित धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

(लाख रुपये में)

| वर्ष | आबंटित |
|---|---|
| 2019-20 | 101622.00 |
| 2020-21 | 101370.47 |
| 2021-22 | 101370.47 |
| 2022-23 | 123418.55 |

***